an>

Title: Need to take steps for cleaning Yamuna river.

श्रीमती हेमामालिनी (मथुरा) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने के लिए अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मैं "यमुना शुद्धिकरण" विषय पर बोलना चाहती हूं। हमारे मथुरा के बृजवासी बहुत परेशान और व्याकुल हैं, इसलिए मैंने उन्हें आश्वासन दिया है कि मैं दोबारा इस विषय को सदन में जरूर रखूंगी। वे बहुत परेशान होकर आंदोलन कर रहे हैं। वे गवर्नमेन्ट का ध्यान इस ओर आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के आंदोलन कर रहे हैं। वहां के साधु-संत और आम जनता, लगभग 5000-10000 की संख्या में बहुत जल्द दिल्ली की तरफ आ रहे हैं। उनकी परेशानी यही है कि यमुना का शुद्धिकरण जल्द से जल्द होना चाहिए, जैसे गंगा के लिये सफाई अभियान शुरू हुई है। अब परिस्थिति बहुत ही गंभीर है, क्योंकि दिल्ली और हरियाणा के सिवेज वाटर और इंडस्ट्रीयल वेस्ट्स यमुना के माध्यम से मथुरा तक पहुंचते हैं। जिसके कारण यमुना किनारे रहने वाले लोग बहुत ही खतरे में हैं। उनकी फसलें खराब हो रही हैं। वहां पर उगनेवाली सब्जियां और फल को खाकर लोग बीमार हो रहे हैं। वहां के पशु मर रहे हैं। वहां के गांव वाले जो पानी भरकर रखते हैं, उसमें दो घंटे के अंदर कीड़ा हो जाता है। जिसके कारण वहां तरह-तरह की बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। वहां बहुत सारे लोग कैन्सर से पीड़ित हुए हैं और बहुत सारे लोग मर रहे हैं। लाखों-करोड़ों की संख्या में लोग बृजमण्डल में आते हैं, वे लोग भी उस पानी को पीकर बीमार हो रहे हैं। This is the need of the hour to help and protect the people of Brij. उनकी मांग यही है कि हरियाणा और दिल्ली सरकार से बोलकर अपनी कुण्ड की जो दो गेट हैं, उनको खोलने से यमुना के माध्यम से मथुरा में अच्छा पानी आ सकता है।

मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी सरकार बहुत गंभीरता से इस विषय को लेगी। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करती हूं कि इस तकलीफ से उनको मुक्ति मिलनी चाहिए।

HON. SPEAKER: Now, the statement by the hon. Minister Dr. Harsh Vardhan....(*Interruptions*)

श्री ताम्रध्वज साहू (दुर्ग) : माननीय अध्यक्ष जी। ...(व्यवधान) आपने कहा था कि जीरो आवर में बोलने का अवसर दूंगी।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I have disallowed it.

(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : हर्ष वर्द्धन जी आप बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

_